एक नजर में

## बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नही करने पर की जा रही कुर्की की कार्रवाई



**देवास।** निगम सीमा क्षेत्र के संपत्तिकर के बकायादरों से करों की वसूली करने हेतु आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम संपत्तिकर की टीम के द्वारा संपत्तिकर की वसुली की जा रही है। जिसके अन्तर्गत वार्ड 17, 39 एवं 40 मे निगम द्वारा वसुली की गई। जिसमें कुर्की की कार्रवाई के दौरान वार्ड 17 रसुलपुर मे बडे बकायादार के द्वारा निगम की टीम को बकाया संपत्तिकर की राशि 2 लाख 26 हजार 818 की राशि मौके पर ही जमा की गई। वार्ड 39 सरदार पटेल मार्ग निवासी कल्लू शमीम, आशिक पर 93 हजार 151, बकाया होने से इनके भवन पर कुर्की की कार्रवाई की गई। वार्ड 39 सरदार पटेल मार्ग निवासी युनुस पिता अल्ताफ पर 51 हजार बकाया संपत्तिकर की राशि होने पर भवन स्वामी द्वारा निगम की टीम को रूपये 10 हजार की राशि जमा कराई तथा शेष 40 हजार की राशि 7 दिवस मे जमा कराने की मांग पर निगम की टीम के द्वारा समय दिया गया। इसी प्रकार वार्ड 40 पीठा रोड निवासी हकीमुद्दीन हेदर अली पर संपत्तिकर की राशि 73 हजार बकाया होने पर, वार्ड 40 पीठा रोड निवासी शमा बी शफी पर संपत्तिकर की 42 हजार 232 बकाया होने पर भवन स्वमियों के द्वारा 2 से 7 दिवस का समय चाहा गया जिसे निगम की टीम के द्वारा उनकी मांग पर समय दिया गया। कार्रवाई मे निगम राजस्व उपनिरीक्षक रविन्द्रसिंह ठाकुर, संजय सांगते, वार्ड प्रभारी विशाल पाटील, ईरफान खान, महेन्द्रसिंह भाटी, मनीष थोरात, सहायक राहूल सांगते उपस्थित रहे।

## अमेजन ने स्मार्टचॉइस फीचर का किया विस्तार

**इंदौर.** अमेजन.इन ने आज अपने स्मार्टचॉइस फीचर का 10 कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी में विस्तार करने की घोषणा की. यह फीचर, जो 30 अलग-अलग यूज़-केस सेगमेंट्स में एक्सपर्ट द्वारा चुने गए और उपयोग पर आधारित सुझाव देता है, अब भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग के लिए सबसे व्यापक गाइडेड-डिस्कवरी अनुभवों में से एक बन गया है. इस विस्तार के साथ, अमेजन.इन ने 11 जून से शुरू होने वाले स्मार्टचॉइस डेज़ सेल इवेंट की भी घोषणा की है, जिसमें स्मार्टचॉइस द्वारा रिकमेंडेड प्रोडक्ट्स पर बेहतरीन डील्स मिलेंगी. अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, जेबा खान ने कहा स्मार्टचॉइस को एक सरल समझ के साथ बनाया गया था, कि ग्राहकों को अधिक विकल्पों की नहीं, बल्कि सही विकल्प की आवश्यकता है जिस पर वे भरोसा कर सकें. कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एक ऐसी कैटेगरी है जहां फीचर्स, स्पेसिफिकेशन्स और विकल्पों की संख्या एक जानकार खरीदार को भी उलझा सकती है. स्मार्टचॉइस प्रोडक्ट्स को इस बात से जोड़कर इसका समाधान करता है कि ग्राहक वास्तव में उनका उपयोग कैसे करेंगे.

## पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान के साथ पोस्टर और नारे लेखन प्रतियोगिता



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के इको क्लब द्वार आईक्यूऐसी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से ,विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा की अध्यक्षता में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान के साथ पोस्टर और नारे लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ लीना दुबे द्वारा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से अवगत करवाते हुए कहा कि पर्यावरण के दुश्मन तीन पाउच, पन्नी पोलिथिन। हमे हमेशा अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक,, पन्नी पोलिथिन का उपयोग कम से कम करना चाहिए, क्योंकि ये प्रकृति के द्वारा डीकंपोज नहीं हो पाते। शासकीय महाविद्यालय के डॉ धर्मेंद्र पाटनी ने अपने व्याख्यान में बताया कि पर्यावरण संरक्षण प्राचीन काल से होता आ रहा हे, बस वर्तमान में मानव अपने लालच के कारण पर्यावरण का दुश्मन बन गया हे। जल, जमीन और जंगल तीनों ही सीमित बचे हे, मनुष्य के लालच के कारण, प्रकृति हमें सब कुछ देती आ रही हे बस शर्त इतनी सी हे कि उतना ले जितनी आवश्यकता हे हमे। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो राकेश कोटिया ने कहा कि अपनी दिनचर्या में छोटे छोटे बदलाव करके भी पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दिया जा सकता हे, प्रकृति से जुड़ कर जीवन यापन करना स्वस्थ के लिए भी लाभदायक होता हे। आज हम कहते हे कि जंगली जानवर यहां आ गए ,जबकि सत्यता यह हे कि हमने उनके रहवासो को नष्ट कर दिया हे इसलिए वो आ रहे हे।कोई हमारा घर तोड़ दे, तो हम भी तो भटकेंगे ही। कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि छात्र छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नारे और पोस्टर भी बनाए गए। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार वर्मा क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय पीपलरावा, डॉ अरुण कुशवंशी, डॉ सचिन दास, संजना सोनी, आराधना संगते के साथ 145 से अधिक छात्र छात्राये उपस्थित थे।

## पिकअप वाहन से ले जाई जा रही 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**इंदौर/महू.** बड़गोंदा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है. मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस मामले की विवेचना कर रही है. पुलिस के अनुसार, मंगलवार-बुधवार की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि महू से मानपुर की ओर एक पिकअप वाहन नम्बर एमपी 13 जेडएच 4436 में अवैध शराब ले जाई जा रही है. सूचना पर पुलिस टीम ने कैलोद फाटा, गवली पलासिया क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहन का इंतजार किया. कुछ देर बाद बताए हुलिए का वाहन आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक तेज गति से वाहन भगा ले गया. पुलिस ने पीछा कर वाहन को रोक लिया, हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में फरार हो गया. वाहन की तलाशी लेने पर उसमें कबाड़ और सिंचाई पाइप के नीचे छिपाकर रखी गई शराब की पेटियां बरामद हुईं. मामले में आरोपी विनोद मालीवाड, गोलु निनामा, राहुल मालीवाड, लखन जाट और सुनील जायसवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अन्य चारों आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह

- टीम की एकता ही सफलता का मापदंड होती है : ऋतुराज सिंह
- शिक्षा के साथ खेल भी महत्वपूर्ण- पुनीत गहलोद

**देवास। यदि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करना है तो सफलता का मापदंड टीम की एकता और अनुशासन होती है, चाहे सफलता जीवन में पाना हो या प्रतियोगिता में, लक्ष्य तो निर्धारित करना ही होता है।**

उक्त विचार कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम स्थित बैडमिन्टन हॉल में खल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। अध्यक्षीय भाषण में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना चाहिये। पुलिस अधीक्षक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देवास के बच्चों को शीघ्र ही खेल विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सिथेंटिक एथलेटिक्स ट्रेक की सौगात मिलने वाली है, खिलाड़ी उस ट्रेक का समुचित उपयोग कर देवास के नाम को देश-विदेश में गौरवान्वित करेगें। विशेष अतिथि खेल गुरू राधेश्याम सोलंकी थे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत जिला खेल अधिकारी सुश्री सेना गाडरिया, सुदेश सांगते, अनिल श्रीवास्तव, अरूण रघुवंशी, प्रवीण ढोबले आदि ने किया। ग्रीष्मकालीन शिविर का प्रतिवेदन जिला खेल अधिकारी सेना गाडरिया द्वारा प्रस्तुत करते हुए बताया कि उक्त शिविर में 24 खेलों में 2005 खिलाड़ियों का पंजीयन हुआ हैं। समापन कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के विभिन्न खेलों के लगभग 600 खिलाडियों ने भाग लिया इस अवसर पर समापन कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलों बैडमिन्टन, एथलेटिक्स, शतरंज खेल के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया एवं समस्त प्रशिक्षकों को टी-शर्ट प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पर अभ्यासरत खिलाड़ियों से भारतीय सेना के लिये चयनित अग्निवीरों का भी सम्मान किया गया।

### 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया

इस अवसर पर सुधीर टोप्पो, राजीव श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, युनूस खान, रेणु सिंह, मनीष जायसवाल, विजय सांगते, रार्बट निनामा, विल्सन निनामा, रवि बिष्ट, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, अभय श्रीवास, राजीव चौहान, मुकेश सिंह, आशीष सिंह, जितेन्द्र गोस्वामी, विक्रम आवार्डी रागीनी चौहान, पवन यादव, कुलदीप यादव, राजेश बराना, निरंजन यादव, धर्मेन्द्र भादौरिया, अकिंत टोप्पो, ललित भंडारी, अजीम शेख, सचिन परिहार राहुल सेंधव, निखिल आरोरा, सुनिल सोनी, बाबूलाल पटेल, रीना पटेल, ओमप्रकाश मालवीय, साहिल चावड़ा, शुभम नागर, विकास नागर, हर्ष चौहान, शुभम सेरा आदि उपस्थित थे। संचालन यशवंत डागोरा ने एवं आभार जावेद पठान ने माना।

# बागली से 12 किमी दूर 12 महीनों बहता रहता है कल -कल पानी

- शीतलता का अद्भुत स्थल है बोरी गाँव का नवाड मोहल्ला
- यहाँ होता है भर गर्मी में तापमान में भारी गिरावट का एहसास

**बागली।** बागली से महज 12 किलोमीटर दूर शीतलता का एक अद्भुत स्थल है। बोरी गाँव का नवाड मोहल्ला, जहाँ बारह महीने कल कल पानी बहता रहता है। सिंचाई योजना केतहत 1980 में निर्मित बोरी तालाब की झिरपन से यह जल मार्ग चट्टानों को चिरता बहुत ही मनोहारी लगता है। यहाँ आसपास रहने वाले आदिवासी परिवार के लोग भर गर्मी में अद्भुत शीतलता का लुत्फ उठाते हैं। बुधवार को हमारे रिपोर्टर सुनिल योगी ने यहाँ पहूँचकर हरियाली व शीतलता को समेटे इस मनमोहक नजारे को अपने केमरे में केद किया। इस दौरान नगर



परिषद अध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव, मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सौरठ, नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर मुकेश गुप्ता स्थानीय निवासी रायसिंह ने बताया कि बागली से 12 किमी दूर ग्राम पंचायत मुख्यालय बोरी के निकटनवाड मोहल्ला है यहाँ भर गर्मी में तापमान की गिरावट महसूस की जा सकती है। जहाँ अन्य स्थानों पर तापमान 43 से 45 डिग्री रहता है। उसे स्थिति में इस स्थान पर 35 डिग्री महसूस होता है। प्रकृति का यह अनुपम दृश्य वाकई तन को शीतलता व मन को बेहद सुकून देता है।

> पानी से भरे इस स्तोत्र के आसपास 20 से अधिक प्रकार के वृक्ष पर्यावरण को संतुलित बनाए हुए हैं। जंगल से जुड़े वन्य प्राणियों की भी मोजुदगी बनी रहती हे। जिससे इको टूरिज्म व पर्यटन स्थल की संभावनाएं भी यहाँ विद्यमान है। वर्ष के 10 महीने यहां पर पानी का बहाव हिमाचल की नदियों जैसा रहता है। स्थानीय रहवासियों ने बताया वैसे तो 12 महीने यहां पर पानी का बहना खत्म नहीं होता लेकिन फरवरी अप्रैल तक इसका तेज बहाव देखा जा सकता है। इस स्थान पर परिवार सहित आसानी से पहुंच सकते हैं और नजदीक से आधुनिकता के इस दौर में भी वास्तविक आदिवासी जनजीवन को महसूस कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेता के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान

**देवास।** महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम द्वारा पथ विक्रेता व छोटे व्यवसाय जिन्होंने पीएम स्वनिधि के तहत ऋण प्राप्त किया है ऐसे हितग्राहियों के बच्चे छात्र एवं छात्राओं को स्वनिधि महोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए निगम द्वारा आगामी दिनों में नया नवाचार पीएम स्वनिधि महोत्सव आयोजित होगा। इस नवाचार में योजना से लाभान्वित स्ट्रीट वेंडर/पथविक्रेता हितग्राहियों के ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे (छात्र/छात्रायें) जिन्होंने कक्षा पहली से 05 वीं, छठी से आठवीं कक्षा तक, कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले 10-10 छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा एवं वर्ष 2024- 25 एवं 25 -26 में शासकीय इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज व राष्ट्रीय स्तर के लॉ व एमबीए कॉलेज व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों एवं खेल व कला के क्षेत्र मे राष्ट्रीय उपलब्धी हासिल खिलाडी एवं कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

## रियलमी पी4आर 5जी लांच

इंदौर. स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने रियलमी पी4आर 5जी लॉन्च किया. इसमें सेगमेंट की सबसे मजबूत 8,000 एम.ए.एच की बैटरी है। यह स्मार्टफोन उन युवाओं के लिए है, जो अपने स्मार्टफोन में लंबी बैटरी लाईफ, स्मूथ परफॉर्मेंस, बेहतरीन मनोरंजन और रोजमर्रा के इंटैलिजेंट अनुभव जैसी खूबियाँ चाहते हैं. रियलमी पी4आर 5जी में सेगमेंट का एकमात्र 5300 वर्ग मिलीमीटर का एयरफ्लो वेपर चैंबर, प्रैक्टिकल ए.आई फीचर्स और ड्यूरेबल डिज़ाईन है। इसलिए यह स्मार्टफोन गेमिंग, पढ़ाई, मनोरंजन और दैनिक जीवन का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है. रियलमी पी4आर 5जी की बैटरी तीन दिन तक चलती है.

# वायु गुणवत्ता को लेकर किए जा रहे कार्यो की कलेक्टर ने की समीक्षा

**देवास। शहर मे वायु गुणवत्ता को लेकर कलेक्टर ऋतुराजसिंह के द्वारा आयुक्त दलीप कुमार के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार 10 जून को कलेक्टर सभाकक्ष मे बैठक आहूत कर वायु गुणवत्ता को लेकर चर्चा कर जानकारी ली।शहर में प्रदुषण की रोकथाम पर की जा रही कार्रवाई में जिन कारणों से वायु गुणवत्ता प्रभावित हो रही है उस पर फोकस देते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।**

निगम अधिकारी सौरभ त्रिपाठी के द्वारा शहर में स्वच्छ वायु गुणवत्ता बनी रहे इस हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी चार पहियां व बस, ट्रेक्टर, ट्रकों का पीयूसी चेक हो तथा अधिक धुआं फैंकने वाले वाहनों तथा वर्ष 2015 के पूर्व के वाहनों को चेक



करें तथा निगम सीमा क्षेत्र मे आने वाले चार पहियां एवं बडे वाहनों के पास पाल्युशन सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। ऐसे बडे वाहनों जिनके पास पाल्युशन सर्टिफिकेट नहीं है उन्हें सर्टिफिकेट लेना होगा। सर्टिफिकेट नहीं लेने की दशा में चालानी कार्रवाई करने के निर्देश आरटीओ को दिए।

> वायु प्रदुषण की निगरानी के लिए सी.ए.क्यु.एम.एस. मशीन लगाई जाने के निर्देश पाल्युशन विभाग को दिए। अधिक से अधिक ग्रीनकृरी लगाने के साथ छोटे ,बडे उद्योगों के प्रांगणों मे भी पौधारोपण के निर्देश दिए। बडे उद्योगो को अपने किचन मे एलपीजी के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन करवाने, बडे उद्योगों के कर्मचारियों को कम्पनी द्वारा लाने एवं छोडने वाले वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग हो के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। रेस्टोरेंटो, उद्योगो की चिमनी, बडे वाहनो का धुआं, रोड डस्ट से बचाव, निर्माण कार्यो मे ग्रीन नेट के उपयोग ऐसे लोडिंग वाहन जिसमें धूल भरी सामग्री, जैसे ईंट, डस्टचूरी, गिट्टी, शहर में लाने पर ग्रीन नेट से ढंकना होगा पर विशेष फोकस दिए जाने हेतु कहा। आयुक्त ने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ वायु मिलती रहे इस हेतु हम प्रयासरत हैं हम पूरा प्लान तैयार कर रहे हैं जो कार्य गुणवत्ता लेकर किया जा रहा है उसमे ओर अधिक सुधार किया जाना है इसमें ओर अधिक सुधार के लिए पाल्युशन विभाग की अहम भूमिका है।

## आयशर वाहन ने चार पहिया थार गाड़ी को टक्कर मारी, तीन घायल

**सोनकच्छ..** इंदौर भोपाल हाइवे पर एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने चार पहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते वाहन पलट कर सड़क किनारे खंती में पलट गया और वाहन में सवार दो युवतियां और एक युवक गंभीर घायल हो गए जिन्हें डायल 112 वाहन के पायलट सचिन साहू और आरक्षक की मदद से सिविल अस्पताल सोनकच्छ लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना बुधवार - गुरुवार मध्य रात्रि की है। पुलिस ने बताया कि हाइवे पर स्थित ग्राम दोलतपुर के यहां एक रिसॉर्ट पर खाना खाने आए लोगों की चार पहिया थार वाहन जैसे ही रोड क्रॉस कर अपनी साइड जा रहा था कि एक तेज रफ्तार आयशर वाहन क्रमांक एम एच बी झेट 8884 ने थार गाड़ी क्रमांक एमपी 09 डीवी 7085 को टक्कर मार दी जिसके चलते गाड़ी पलटी खाते हुए खंती में गिर गई जिससे उसमें सवार



विधी पिता मुकेश 25 वर्ष, प्रीति पिता प्रदीप 27 वर्ष और शुभम् पिता प्रताप सिंह 30 वर्ष सभी निवासी इंदौर गंभीर घायल हो गए जिन्हें सिविल अस्पताल सोनकच्छ में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने आयशर वाहन जब्त कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मंडी धर्मशाला में प्रकट हुए वामन भगवान



**देवास।** श्री 108 भागवत कथा समिति के संजय परवाल, सोहन अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय मंडी धर्मशाला में पुष्पनंदन जी महाराज द्वारा की जा रही कथा में पुष्पदंत जी महाराज द्वारा भगवान ध्रुव का पिताजी की गोद में बैठने का अवसर नहीं मिलने पर उन्होंने भगवान की घोर तपस्या की जिससे की संसार की समस्त प्राण वायु रूक गयी सारे संसार में हाहाकार मच गया, भगवान प्रकट हुए एवं भगवान ने ध्रुव को तारा मंडल में उच्च स्थान दिया। इसके पश्चात भक्त प्रहलाद की कथा के अंतर्गत हिरण्यकश्यप के बढ़ते अत्याचार एवं भगवान विष्णु की कथा आयी हिरण्यकश्यप ने अपने ही पुत्र प्रहलाद को विष्णु भगवान की भक्ति करने के कारण नाना प्रकार से मारने की असफल कोशिश की पर भगवान की कृपा के कारण भक्त प्रहलाद हर बार सुरक्षित रहे। अंत में भगवान विष्णु ने खम्बे से अवतरित होकर नृसिंह अवतार लिया और हिरण्यकश्यप को उनके कर्मो की सजा दी। पूरा पांडाल जय नृसिंह के जयकारों से गूंज उठा।

> इसके बाद शिवाय अग्रवाल वामन भगवान बनकर पांडाल में अवतरित हुए। महाराज ने वामन अवतार में राजा बली का सजीव चित्रण किया। भरत भक्ति अग्रवाल राजा बली बने। समिति ने बहुत ही सुंदर पांडाल का निर्माण किया है। सैकडों नगरवासियों ने 108 भागवतजी का विभिन्न सामग्री एकत्रित कर पूजन किया। शाम को आरती के समय पूजा पांडाल खचखच भर गया साथ ही दिव्य वातवरण निर्मित हुआ। आयोजन समिति के सतीष गुप्ता, सौरभ गोयल ने धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुरूषोत्तम मास में कथा श्रवण करें। भागवत का विभिन्न सामग्रियों से पूजन करें। पुरूषोत्तम मास में दिए दान का 1000 गुना फल प्राप्त होता है। कथा के मुख्य यजमान मांगीलाल पुष्पा अग्रवाल है।

# नेटफ्लिक्स पर लॉक अप का प्रसारण 27 जून को

इंदौर. कई दिनों तक अफवाहों और शहरों में नकाबपोश कैदियों की झलक के बीच सोशल मीडिया पर अनेकों चर्चाएं छिड़ीं. अब नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ साझेदारी में निर्मित लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को शुरू हो रही है. इस घोषणा ने लॉक अप के लिए एक परफेक्ट माहौल तैयार कर दिया है. इस शो में भारत की सबसे अधिक चर्चित हस्तियाँ एक ही छत के नीचे कैद होंगी. इस खुलासे से पहले एक नजारा, जिसे इससे पहले किसी ने नहीं देखा था. शहर के लोग तब हैरान रह गए, जब उन्होंने एक बड़े होर्डिंग पर जेल की सलाखों के पीछे कुछ कैदियों को देखा। दिल दहला देने वाले इन इंस्टॉलेशंस ने शहर में खलबली मचा दी। भीड़ और कैमरे के साथ अनेकों सवाल उठने लगे. ये रहस्यमयी कैदी कौन हैं? उन्हें क्यों कैद किया गया है? अब इस रहस्य से पर्दा उठने वाला है. इसका काउंटडाउन शुरू हो गया है. 27 जून को केवल नेटफ्लिक्स पर देखिए लॉकअप.

## मासिक साधारण सभा आयोजित

इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा भण्डारी रिसॉर्ट पर आयोजित की गई. सभा में संगीतमय तंबोला का आयोजन किया गया. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी. मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 6 शिविर आयोजित किये गये जिसमें 1300 मरीजों का परीक्षण किया गया.

## विजयागंज मंडी रोड का नाम नरेन्द्र मोदी मार्ग करने के लिए जिलाधीश को दिया मांग पत्र

देवास। भाजपा समर्थन मंच के प्रदेश अध्यक्ष एवं अटल भारतीय हिन्दू फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ के नेतृत्व में जिलाधीश को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें बताया गया कि विजयागंज मंडी रोड को बने वर्षो हो गए हैं आज तक इस रोड का नामकरण नहीं हो पाया है, इसी रोड से कायथा रोड भी निकलता है तथा सभी ग्रामीणों की एवं जनप्रतिनिधियों की स्वीकृति से यह निर्णय लिया गया है कि उक्त मार्ग का नाम नरेन्द्र मोदी मार्ग (नमो रोड) किया जाए। मांग पत्र में जिलाधीश से मांग की गई है कि उक्त मार्ग का नाम नरेन्द्र मोदी मार्ग (नमो रोड) किया जाए। सड़क का नामकरण होने से क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को मार्ग की पहचान करने में सुविधा होगी तथा अन्य गांवों तक पहुंचना भी आसान होगा।

# किसान सम्मान निधि को लेकर बढ़ी चिंता


**कांटाफोड़** - प्रदेश में किसान सम्मान निधि की राशि को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कई किसानों का कहना है कि पिछले लंबे समय से उनके खातों में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली किसान सम्मान निधि की राशि नहीं पहुंची है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमंजस और चिंता का माहौल बना हुआ है।

किसानों का सवाल है कि आखिर यह योजना बंद कर दी गई है या फिर किसी प्रशासनिक कारण से भुगतान अटक गया है। कई किसानों ने बताया कि वे नियमित रूप से योजना का लाभ प्राप्त करते रहे हैं, लेकिन इस बार राशि नहीं आने से खेती-किसानी से जुड़े खर्चों को पूरा करने में परेशानी हो रही है।दरअसल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अतिरिक्त मध्यप्रदेश सरकार भी पात्र किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करती रही है।

एक नजर में | सड़क के किनारों से फिसल रहे दोपहिया वाहन चालक

## कांटाफोड़-बिजवाड़-खातेगांव मार्ग की बदहाली बनी खतरे का कारण

**कांटाफोड़।** खातेगांव से कांटाफोड़ होते हुए बिजवाड़ तक का प्रमुख मार्ग इन दिनों गंभीर बदहाली और तकनीकी खामियों का शिकार बना हुआ है। सड़क के बीचों-बीच जगह-जगह दरारें दिखाई दे रही हैं, जबकि दोनों ओर की साइड पटरी कई स्थानों पर 6 से 8 इंच तक धंस चुकी है। इससे यह पूरा मार्ग अब सामान्य आवागमन के साथ-साथ लगातार दुर्घटनाओं के जोखिम वाले क्षेत्र में बदलता जा रहा है। स्थानीय



नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति अचानक नहीं बनी, बल्कि सड़क निर्माण के समय से ही कई स्थानों पर लेवलिंग और साइड पटरी की मजबूती में खामियां रही हैं। समय के साथ यह अंतर और बढ़ता गया, लेकिन सुधार के नाम पर अब तक ठोस और स्थायी कार्रवाई नहीं हो सकी है। यह मार्ग नर्मदा परिक्रमा का भी प्रमुख हिस्सा माना जाता है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों परिक्रमा वासी पैदल, दंडवत, साइकिल और वाहनों से गुजरते हैं। ऐसे में सड़क की यह जर्जर स्थिति श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। कई स्थानों पर परिक्रमा वासियों को धंसी पटरी और असमान सड़क के कारण अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। वाहन चालक जब किनारे से बचने के प्रयास में सड़क के बीच या धंसी हुई पटरी पर उतरते हैं, तो अचानक लेवल बदलने और असमान सतह के कारण वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग आए दिन किसी न किसी हादसे की वजह बन रहा है।